सत्यमेव जयते
Department of Science & Technology
Government of India

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा नोबल पुरस्कार विजेताओं एवं छात्रों की 30 जून से 5 जुलाई 2023 के दौरान लिंडाओ, जर्मनी में 73वीं बैठक में सहभागिता का मनोनयन

**अंतिम तिथि: 30 सितम्बर, 2023**

1951 से हर साल, रसायन विज्ञान, भौतिकी, शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्साशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता दुनिया भर के छात्रों के साथ अपने क्षेत्रों में महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए जर्मनी के लिंडाओ में बैठक करते रहे हैं। इन बैठकों में नोबेल पुरस्कार विजेताओं के एकाधिक ज्ञान शाखागत विषयों पर व्याख्यान, उनके साथ पैनल/गोलमेज चर्चा और अनौपचारिक लघु-समूह बैठकें शामिल हैं। डीएसटी इन बैठकों में छात्रों/युवा शोधकर्ताओं के समूह 2001 से भेज रहा है।

इसका अभिप्राय **30 जून से 05 जुलाई 2024** के दौरान नोबेल पुरस्कार विजेताओं और छात्रों की लिंडाओ, जर्मनी स्थित 73वीं बैठक में भारतीय छात्रों/युवा शोधकर्ताओं के भौतिकी विशिष्ट समूह को भेजना है।

उपरोक्त विषय का पठन कर रहे मेधावी और युवा छात्रों तथा शोधकर्ताओं से इस मनोनयन का लाभ उठाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये व्याख्यान और चर्चाएं छात्रों/शोधकर्ताओं के शोध करियर की शुरूआत में उपयुक्त हैं। बैठक का अधिक विवरण www.lindau-nobel.org पर देखा जा सकता है।

**मनोनयन की अवधि :**

चयनित सहभागियों को बैठक में भाग लेने के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा खर्च, स्थानीय परिवहन, आवास (दो व्यक्तियों द्वारा साझाकरण आधार) और भोजन प्रदान किया जाएगा। चयनित छात्रों के लिए जर्मनी में पूरे सप्ताह के कार्यक्रम के साथ-साथ जर्मनी जाने से पहले दिल्ली में ब्रीफिंग बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। चयनित छात्रों की भारतीय टीम (ब्रीफिंग बैठक के बाद) दिल्ली से लिंडाओ के लिए रवाना होगी और नोबेल पुरस्कार विजेताओं की बैठक के पूरा होने के बाद वापस दिल्ली लौट आएगी। उपरोक्त अवधि के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के अलावा अन्य संस्थानों में उम्मीदवारों द्वारा व्यक्तिगत या अन्य परिदर्शन पर विचार नहीं किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को

जर्मनी के लिए प्रस्थान से पहले डीएसटी स्थित ब्रीफिंग बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली में आवास और परिवहन की व्यवस्था, यदि कोई हो, स्वयं करनी होगी। दिल्ली में आवास और उनके निवास स्थान के निकटतम रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली में आगमन और यहाँ से वापसी के लिए एसी द्वितीय श्रेणी के ट्रेन टिकटों के शुल्क की प्रतिपूर्ति रसीदें/ट्रेन टिकट की प्रस्तुति करने पर डीएसटी के निर्धारित मानदंडों के अनुसार डीएसटी द्वारा की जाएगी।

यह अनिवार्य है कि चयनित उम्मीदवार कार्यक्रम के पूरा होने के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर लिंडाओ बैठक पर रिपोर्ट और डीएसटी द्वारा अपेक्षित कोई अन्य सूचनागत दस्तावेज प्रस्तुत करें।

सहभागियों के साथ किसी भी अनुरक्षक/साथी को अनुमति नहीं दी जाएगी और इस अवधि के दौरान व्यक्तिगत कार्यक्रम के लिए किसी भी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। आवेदकों को चयन के बाद मनोनयन वापस लेने की भी अनुमति नहीं होगी।

**पात्रता**

i. भारत में शोध संस्थानों/विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत/कार्यरत/संबद्ध केवल भारतीय विज्ञान छात्र (नागरिकता के आधार पर) पात्र हैं।
ii. इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी के छात्र पात्र नहीं हैं।
iii. जर्मनी/विदेश में अध्ययनरत और पोस्ट-डॉक/इंटर्नशिप कर रहे/या वहां रह रहे भारतीय छात्र भी इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

**मनोनयन के लिए सहभागियों की तीन श्रेणियां हैं:**

क. निष्णात छात्र

ख. डॉक्टरेट के छात्र और

ग. 35 वर्ष से कम आयु के युवा पोस्ट-डॉक्टरल शोधकर्ता

**सभी चयनित सहभागी-**

- विज्ञान और अनुसंधान में वास्तविक रुचि दर्शायेंगे,
- अध्ययन के अपने प्रधान क्षेत्र और एकाधिक ज्ञानशाखागत कार्य के लिए ठोस प्रतिबद्धता दर्शायेंगे,
- विस्तृत सिफारिश पत्र के माध्यम से अपने अकादमिक सलाहकार और/या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध वैज्ञानिकों द्वारा अपने आवेदन का प्रबल समर्थन प्राप्त करेंगे,
- अंग्रेजी में धाराप्रवाह होंगे, चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए सक्षम होंगे
- योग्यता के क्रम में अपनी कक्षा के शीर्ष तीन में होंगे
- पहले से किसी स्थायी पद पर न होंगे (स्थायी/नियमित पद वाले वैज्ञानिक और शोधकर्ता - विशेष रूप से व्याख्याता/प्रोफेसर स्तरवाले, को (तदर्थ और/या स्थायी) सामान्य रूप से, बैठकों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा),

- **30 जून 2024 को 35 वर्ष से अधिक आयु के न होंगे,**
- पिछली लिंडाओ बैठकों में भाग नहीं लिए हुए होंगे,
- पूरी तरह से भरे हुए आवेदन डीएसटी को और डीएसटी द्वारा शॉर्ट लिस्टिंग के बाद लिंडाओ वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करेंगे (अपूर्ण आवेदन तुरत अस्वीकृत कर दिए जाएंगे),
- बैठक की पूरी अवधि में उपस्थित रहने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करेंगे।

**<u>प्रत्येक श्रेणी में अतिरिक्त पात्रता अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं:</u>**

**श्रेणी-ए: निष्णात छात्र, जो**

- भौतिकी में ठोस सामान्य ज्ञान प्रदर्शित करें
- कुछ व्यावहारिक कार्य किए हों और/या प्रयोगशाला का अनुभव रखते हों।
- **एमएससी के प्रथम वर्ष या 5 वर्षीय एकीकृत मास्टर कार्यक्रम के चौथे वर्ष में** कक्षा में योग्यता क्रम में शीर्ष तीन में हों। आवेदन के साथ विभाग के प्रमुख से रैंक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है।

**श्रेणी-ख: डॉक्टरेट के छात्र, जो:**

- उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियां प्रदर्शित करें
- कुछ बहुत अच्छे शोध कार्य प्रस्तुत कर चुके हों (साक्ष्य के रूप में प्रकाशनों की सूची संलग्न की जाए)
- पीएचडी में पंजीकरण की तारीख से दो साल पूरे कर लिए हों
- एम.एससी. में योग्यता क्रम में शीर्ष तीन में हों।

**श्रेणी-ग: पोस्टडॉक्टरल वैज्ञानिक, जो:**

- 5 साल तक का पोस्टडॉक्टरल अनुभव (डॉक्टरल डिग्री के बाद इष्टतम लगभग 2-3 साल)
- प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में, अधिमानतः मुख्य लेखक के रूप में, अपने स्वयं के वैज्ञानिक अनुसंधान परिणामों को प्रकाशित कर चुके हों।
- अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक बैठकों में अपने काम को अधिमानतः व्याख्यान के रूप में प्रस्तुत कर चुके हों।
- एम.एससी. में योग्यता क्रम में शीर्ष तीन में हों।

**<u>आवेदन प्रक्रिया :</u>**

पूर्ण आवेदन में निम्न शामिल होगा:

क) निर्धारित संरूप (उपाबंध- I) में संस्थान प्रमुख द्वारा विधिवत रूप से अग्रेषित मूल आवेदन का पूरा सेट और पुरस्कारों/प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों का एक सेट जो विधिवत रूप से अनुप्रमाणित आवेदन में प्रदान की गई जानकारी को पुष्ट करें।

ख) किसी शिक्षाविद या आवेदक के परिचित से कम से कम एक संदर्भ पत्र;

ग) आवेदन पत्र की सॉफ्ट कॉपी केवल पीडीएफ संरूप मे sdash.dst@gov.in को ईमेल के रूप में संलग्न की जाए। सॉफ्टकॉपी का उपयोग केवल मूल्यांकन के उद्देश्य से किया जाएगा।

घ) **<u>हालाँकि, अंतिम तिथि को या उससे पहले डाक द्वारा प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।</u>**

**ङ.) डीएसटी में दस्ती आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

च) डाक विलंब या संबंधित अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषण में देरी आदि सहित किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी।**

**परिपूर्ण आवेदनों की हार्डकॉपी निम्नलिखित को 30 सितंबर 2023 को 17. 00 बजे तक जमा करनी होगी:**

डॉ. शिवाशीस दास
वैज्ञानिक-सी
अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग
कमरा नंबर-18डी, एस एंड टी ब्लॉक-1
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड,
नई दिल्ली-110016
ई-मेल: sdash.dst@gov.in

**उपाबंध-1**

## आवेदन पत्र का संरूप

1. किसी भी तरह से अधूरे आवेदन और नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
2. उम्मीदवारों के पास आवेदन के समय वैध पासपोर्ट होना चाहिए।
3. आवेदन जमा करने के बाद, प्रस्तुत दस्तावेज़/जानकारी पर विचार/को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. आवेदन की हस्तलिखित/अग्रिम प्रति को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. आवेदन एकल सेट में और उचित क्रम से स्वच्छ रूप में मुद्रांकित और टैग्ड किया जाना चाहिए और कोई भी कागज/दस्तावेज़ अबद्ध नहीं होना चाहिए।
6. संदर्भ पत्र को अलग से सील या पैक करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आवेदन के सेट के साथ ही संलग्न किया जाना चाहिए। मेल और अलग पोस्ट के माध्यम से भेजे गए संदर्भ पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। लिंडाओ फाउंडेशन के दिशानिर्देश उपाबंध-II में देखें।

| | | |
|---|---|---|
| आवेदित विषय : भौतिकी<br>आवेदित श्रेणी: **क / ख/ ग**<br>(कृपया उपयुक्त श्रेणी पर सही का चिह्न लगाएं) | | पासपोर्ट आकार का हालिया फोटोग्राफ |
| | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | | डा./श्री/सुश्री |
| 2. | i) जन्मतिथि:<br>ii) 29-06-2024 को आयु | | |
| 3. | वर्तमान पदनाम/पद | | |
| 4. | संस्थान का पता : | | |
| 5. | आवासीय पता : | | |
| 6. | संपर्क दूरभाष सं. | (संस्थान) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (आवास) | |
| | | (मोबाइल) | |
| 7. | ईमेल पता (पावती तथा सामान्य पत्राचार के लिए) | | |
| 8. | पासपोर्ट विवरण (संख्या, जारी करने की तारीख, जारी करने का स्थान, वैधता, किसके द्वारा जारी किया गया) | | |

9. पूर्ण / प्रत्याशित शैक्षणिक अर्हता

| उत्तीर्ण परीक्षा/ अध्ययनरत | परिपूर्णता का वर्ष | विषय/ मुख्य विशेषज्ञता | विद्यालय/ महाविद्यालय/विश्व विद्यालय | अंकों का %/श्रेणी एवं रैंक |
|---|---|---|---|---|
| 10वीं कक्षा | | | | |
| 12 वीं कक्षा | | | | |
| बी.एससी. | | | | |
| एम. एससी. | | | | |
| पीएच.डी. | | | | |
| पोस्ट-डॉक और/या वर्तमान अनुसंधान कार्य | | | | |

| | |
|---|---|
| 10. | स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त अकादमिक पुरस्कार (कृपया शीर्ष 3 अकादमिक पुरस्कारों का ही उल्लेख करें) |
| 11. | विशिष्ट रूचि क्षेत्र (केवल एक लाइन में) |
| 12. | प्रेरणा: (कृपया आधे पृष्ठ पर लिखें कि आप इस बैठक में क्यों शामिल होना चाहते हैं)<br><br>नोट: कृपया इस स्थान के भीतर वांछित जानकारी प्रदान करें और यह आधे पृष्ठ से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह जानकारी प्रदान करने के लिए कोई उपाबंध |

| | |
|---|---|
| | संलग्न नहीं किया जाना चाहिए। |
| 13. | शोध रुचियों/उद्भावनाओं/उपलब्धियों (एक पृष्ठ से अधिक नहीं) और प्रकाशनों की सूची, यदि कोई हो, पर आलेख<br><br>नोट: कृपया इस उद्देश्य के लिए प्रदान की गई जगह के भीतर वांछित जानकारी प्रदान करें। यह जानकारी प्रदान करने के लिए कोई उपाबंध संलग्न नहीं किया जाना चाहिए। |

**अभ्यर्थी द्वारा घोषणा :**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर दी गई सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है। इसके अलावा, चयन किए जाने की अवस्था में, मैं वचन देता/देती हूं-

(1) नोबेल पुरस्कार विजेताओं और छात्रों की बैठक में भाग लेने के प्रस्ताव को स्वीकार करूँगा/करूँगी और पूरे कार्यक्रम में भाग लूंगा/लूंगी और यात्रा के दौरान किसी व्यक्तिगत कार्यक्रम में भाग नहीं लूंगा/लूंगी।

(2) मैं बैठक में भाग लेने के दौरान डीएसटी और लिंडाओ परिषद के सभी नियमों, विनियमों, निर्देशों का पालन करूंगा/ करूंगी।

(3) मैं जर्मनी जाने से पहले दिल्ली में डीएसटी द्वारा आयोजित की जाने वाली ब्रीफिंग बैठक में भाग लूंगा/ लूंगी।

(4) मैं डीएसटी की योजना के अनुसार आगे की यात्रा के लिए दिल्ली स्थित टीम में शामिल होऊंगा/होऊँगी और दिल्ली वापस आऊँगा/आऊँगी और किसी व्यक्तिगत यात्रा कार्यक्रम के लिए अधिक समय नहीं मांगूँगा/ मांगूँगी।

(5) मैं बाद में किसी भी चरण पर नामांकन वापस नहीं लूंगा/लूंगी।

(6) मैं डीएसटी द्वारा, जब कभी अपेक्षित होने पर, नियत समय के अंदर पूर्णता रिपोर्ट/या कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करूँगा/करूँगी।

(7) उपरोक्त शर्तों का पालन करने में विफलता की स्थिति में, मैं डीएसटी द्वारा किए गए सभी खर्चों को वापस कर दूंगा/दूंगी।

स्थान:

तारीख :　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　आवेदक के हस्ताक्षर

**संस्थान प्रमुख की सिफारिश**

संस्थान प्रमुख के हस्ताक्षर
मुहर एवं संपर्क विवरण के साथ (अर्थात दूरभाष एवं ईमेल आईडी)

स्थान :
तारीख:

**उपाबंध-II**

## सिफारिश पत्रों के संबंध में लिंडाओ फाउंडेशन के दिशानिर्देश :

प्रिय नामांकन भागीदारो,

पिछले वर्षों में, हमने देखा है कि सिफारिश के कई पत्र मानक पाठ के रूप में जारी किए गए हैं। इस कारण से, हम इस बात के लिए कुछ दिशानिर्देश प्रस्तुत करना चाहेंगे कि अनुशंसा पत्र की रूपरेखा कैसी होनी चाहिए:

1. लंबाई: लगभग एक डीआईएन ए4 पेज/एक मानक पत्र आकार का जिसे पीडीएफ फाइल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

2. भाषा: अंग्रेजी।

3. उम्मीदवार की उपलब्धियों का विवरण जिसमें उम्मीदवार के सीवी में नहीं पाए गए विवरण भी शामिल हो सकते हैं। नामांकन संस्था का विवरण आवश्यक नहीं है।

4. प्रत्येक उम्मीदवार के लिए व्यक्तिगत पत्र न कि मानक पत्र जो सभी उम्मीदवारों को लिए अभिन्न (या बहुत समान) हो।

5. पत्र किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा जाना चाहिए जो उम्मीदवार को अच्छी तरह जानता हो, उदाहरणार्थ मास्टर या पीएचडी थीसिस का पर्यवेक्षक।

कृपया ध्यान रखें कि अनुशंसा पत्र मूल्यांकन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण कारक है और यह परिणामों को प्रभावित करता है।

हम आपके सहयोग की सराहना करते हैं और आपके नामांकन प्राप्त करने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षारत हैं ।

आपका,

लिंडाओ नोबेल पुरस्कार विजेता बैठक परिषद के उपाध्यक्ष
73वीं लिंडाओ नोबेल पुरस्कार विजेता बैठक 2024 के वैज्ञानिक अध्यक्ष